# बीआरटीएस हटाने और 70 मीटर ऊंचे तक आग बुझाने की आधुनिक मशीन खरीदने का टेंडर मंजूर

- 14 करोड़ से होगा बिलावली व छोटा सिरपुर तालाब विकास व जीर्णोद्धार
- मेयर इन कौंसिल की बैठक में कई कार्यों पर लगी मुहर



नव भारत न्यूज

**इंदौर. आज एमआईसी एक बैठक में बीआरटीएस हटाने, देपालपुर नगर परिषद को स्वच्छ बनाने, बिलावली और छोटा सिरपुर तालाब का जीर्णोद्धार, अटाले की नीलामी और बहुमंजिला इमारतों में आग बुझाने की आधुनिक मशीन खरीदने की मंजूरी दी गई.**

नगर निगम महापौर सभा गृह में एमआईसी बैठक में आज कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए. बैठक में बीआरटीएस की आरसीसी बीम, एमएस रेलिंग एवं बस शेल्टर्स को तोडने के टेंडर की मंजूरी दी गई. उक्त कार्य की मंजूरी में टेंडर शर्त अनुसार हटाने के साथ निर्माण कार्य भी शुरू कटने की निर्देश दिए गए. निगम वाहनों में पेट्रोल व डीजल के लीकेज रोकने के लिए 2000 लीटर क्षमता का स्मार्ट फयूल डिस्पेंसर टैंक क्रय करने की स्वीकृति की गई. इसके डिजिटल सिस्टम से प्रत्येक वाहन की फयूल खतप का रिकॉर्ड रखा जाएगा. निगम वाहनों की मॉनिटरिंग की जा सकेगी. साथ ही स्मार्ट फ्यूल डिस्पेंसर टैंक हेतु 30 हजार लीटर पोर्टेबल सर्विस स्टेशन एवं 6 हजार लीटर का ऑटोमोबाइल डिस्पेंसर ऑपरेटर तथा डायसर किराये से लेकर डीजल वितरण व्यवस्था करने के टेंडर बुलाने के सहमति दी गई. इसके साथ एमआईसी ने शहर की अग्नि सुरक्षा के लिए 70 मीटर उंचाई के हाइड्रोलिक प्लेटफार्म खरीदने और रख रखाव के साथ क्रय करने की मंजूरी दी. विशेष फायर फाइटिंग मशीन फिनलैंड से असेंबल होकर इंदौर पहुंचेगी.

## देपालपुर को सिखाएंगे स्वच्छता का पाठ

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि इंदौर देश मे स्वच्छता का पाठ सिखाता है और स्वच्छता का मॉडल भी है. इसके परिणाम स्वरूप शासन के निर्देशनुसार इंदौर के समीप देपालपुर नगर परिषद को स्वच्छता कार्य सिखाएगा और स्वच्छता अभियान में सहयोग करेगा. अगले कुछ दिनों में नगर निगम एवं देपालपुर परिषद के बीच एमओयू साइन होगा.

## सर्वेयर की नियुक्ति करने स्वीकृति

बैठक में निगम स्वामित्व के अनुपयोगी सामग्री व पुराने वाहनों को नीलाम करने के लिए सर्वेयर की नियुक्ति करने की स्वीकृति दी गई. साथ ही अमृत 2.0 योजना में 14 करोड़ रुपए की लागत से बिलावली तथा राशि छोटा सिरपुर तालाब का विकास एवं जीर्णोद्धार के टेंडर दर एवं अनुबंध करने की मुहर लगाई गई. बैठक में आयुक्त दिलीप कुमार यादव, एमआईसी सदस्य राजेन्द्र राठौर, अश्विनी शुक्ल, निरंजनसिंह चौहान, नंदकिशोर पहाड़िया, अभिषेक शर्मा, राजेश उदावत, मनीष शर्मा मामा, सभी अपर आयुक्त, उपायुक्त और निगम के विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे.



## महापौर ने ठेकेदार और कंसल्टेंट पर कार्रवाई के दिए निर्देश

### सतपुड़ा परिसर का निरीक्षण

**इंदौर. महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने शुक्रवार को सतपुड़ा परिसर का निरीक्षण किया. इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बने अपार्टमेंट्स में कार्य में लापरवाही और देरी के चलते उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को ठेकेदार एवं कंसल्टेंट पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए.**

महापौर भार्गव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हर गरीब को घर, हर गरीब को छत के उद्देश्य से यह योजना शुरू की गई थी. देश में सबसे अच्छा आवासीय परिसर बनाने का जिम्मा नगर निगम इंदौर ने उठाया है, लेकिन सतपुड़ा परिसर में बने अपार्टमेंट्स को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं. निरीक्षण के दौरान महापौर ने स्थानीय निवासियों से चर्चा की और उनके घरों का भी अवलोकन किया. उन्होंने बताया कि कई तकनीकी खामियां और रखरखाव से जुड़ी समस्याएँ सही पाई गई हैं. महापौर ने स्पष्ट किया कि प्रथम दृष्टया कंसल्टेंट और मेंटेनेंस एजेंसी की लापरवाही सामने आई है. इस पर उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए.

# नगर निगम का 60 मेगावाट का सोलर पार्क नवंबर में होगा शुरू

### ग्रीन बॉन्ड निवेश से देश की पहली सोलर एनर्जी योजना



नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम के ग्रीन ब्रांड से बना देश का पहला सोलर एनर्जी पार्क बनकर तैयार हो गया है. निगम के जलूद पंपिंग स्टेशन से 60 मेगावॉट बिजली का उत्पादन नवंबर महीने से शुरू हो जाएगा. इससे निगम को हर माह 4 से 5 करोड़ रुपए बिजली बिल में कमी आ जाएगी.**

आज सिटी बस कार्यालय में बहुप्रतीक्षित जलूद सोलर पार्क को लेकर महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बैठक ली. बैठक में संबंधित एजेंसी से जुड़े अधिकारी शामिल हुए. महापौर ने भार्गव ने बताया कि नगर निगम द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने और नर्मदा परियोजना के बिजली खर्च को कम करने के उद्देश्य से 60 मेगावाट का सोलर पार्क लगभग तैयार हो चुका है. उक्त योजना को ग्रीन बॉन्ड के द्वारा वित्तपोषित किया गया है. अंतिम चरण में कनेक्शन और चार्जिंग कार्य की टेस्टिंग जल्द ही शुरू होगी. नवंबर से सोलर पार्क से बिजली आपूर्ति शुरू हो जाएगी. इस योजना के शुरू होने के बाद नगर निगम को हर माह लगभग 4 से 5 करोड़ रुपए की बिजली बिल की बचत होगी.

## जल्द किया जाएगा लोकार्पण : महापौर

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि कुछ ट्रांसमिशन लाइनों से जुड़ी चुनौतियां हैं, जिन्हें शीघ्र दूर कर लिया जाएगा. इंदौर देश का पहला नगर निगम है, जिसने ग्रीन बॉन्ड से इतना बड़ा नवीकरणीय ऊर्जा सोलर पार्क तैयार किया है. बहुत जल्द इसका लोकार्पण किया जाएगा.

# गांधी नगर से रेडिसन चौराहे तक दौड़ी मेट्रो

### 14 किलोमीटर का ट्रायल सफल



नव भारत न्यूज

**इंदौर. आज मेट्रो रेल का गांधीनगर से रेडिसन चौराहे तक 14 किलोमीटर तक ट्रायल रन सफल रहा. चार दिन पहले ही मेट्रो ने 11 किलोमीटर का ट्रायल रन पूरा किया था। पहली बार मेट्रो आवासीय क्षेत्र में पहुंची है.**

आज मेट्रो का 14 किलोमीटर लंबा ट्रायल रन किया गया, जो सफल रहा । हालांकि मेट्रो को आज 10 की स्पीड में ही चलाया गया. ट्रायल रन में मेट्रो को दौड़ते हुए देखने के लिए जनता 10 मिनट तक सड़कों पर खड़ी रही. बताया जा रहा है कि आगामी जनवरी में 17 किलोमीटर का रन पूरा हो जाएगा. गांधी नगर से पहली बार मेट्रो आवासीय क्षेत्र में पहुंची है. आवासीय क्षेत्र में मेट्रो के चलने से सवारी मिलने लगेगी. साथ ही सुपर कॉरिडोर पर दो बड़ी कंपनी टीसीएस और इन्फोसिस के साथ बड़े कॉलेज नर्सी मुंजी और सिबॉयसिस भी है. इससे मेट्रो में विद्यार्थियों और कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों का आना जाना सुलभ होगा. मेट्रो को यात्री मिलने की संभावना बढ़ जाएगी.

आज मेट्रो के प्रबंध संचालक कृष्ण चैतन्य ने 14 किलोमीटर लंबा ट्रेक पर ट्रायल रन का निरीक्षण किया. इस दौरान उन्होंने अधूरे स्टेशन का काम तेजी से करने और तकनीकी व्यवस्थाओं का इंप्लीमेंट शुरू करने के निर्देश दिए.

### खजराना से आगे हाईकोर्ट तक मामला अटका

ध्यान रहे कि इंदौर में एमपी मेट्रो रेल 31 किलोमीटर की येलो लाइन रिंग बना रहा है. इसमें एयरपोर्ट से बड़ा गणपति तक अंडर ग्राउंड लाइन का निर्माण कार्य शुरू हो गया है. खजराना से आगे हाईकोर्ट तक का मामला अटका हुआ है, जिसका टेंडर हो चुका है, लेकिन शासन स्तर पर निर्णय नहीं होने से काम शुरू नहीं हो सका है.

# सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने को लेकर कांग्रेस द्वारा कार्रवाई की मांग

### संभागायुक्त से मिला कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल



नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर का सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का प्रयास करने वालो पर कांग्रेस ने कड़ी कार्रवाई की मांग की है. प्रशासन ने दो दिन में कार्रवाई नहीं की तो कांग्रेस करेगी उग्र आंदोलन.**

यह बात आज कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने संभागायुक्त से कही. आज शाम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल संभाग आयुक्त सुदामा खाड़े से मिला. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि भाजपा विधायक मालिनी गौड़ के पुत्र एकलव्य ने सीतलामाता बाजार से मुस्लिम कर्मचारियों को हटाने का बयान दिया था. इसके बाद अब मुस्लिम कर्मचारियों को बलपूर्वक और धमकी देकर हटाया जा रहा है। इंदौर प्रशासन और पुलिस ने अब तक विधायक पुत्र और न ही उसके गुर्गों के खिलाफ अब तक कोई कारवाई की है. पटवारी ने बताया कि समुदाय विशेष के गरीब लोगों की रोजी-रोटी छीनी जा रही है और प्रशासन पंगु और मूकदर्शक बनकर बैठा हुआ है. प्रतिनिधि मंडल में शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे, जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, प्रदेश प्रवक्ता संतोष सिंह गौतम, राजेश चौकसे, विनय बाकलीवाल, दीपू यादव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सोनिला मिमरोट, जिला अध्यक्ष रीटा डागरे, पार्षद अंसाफ अंसारी, रफीक खान, अनवर दस्तक, सुदामा चौधरी, गिरधर नागर, शैलेष गर्ग, संजय बाकलीवाल, नकुल पाटोदी, इम्तियाज बेलिम, बादशाह मिमरोट, गौरव चौधरी आदि कई कांग्रेस नेता उपस्थित थे.

## कार्रवाई नहीं करने पर उग्र आंदोलन

पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा ने कहा कि यदि प्रशासन और पुलिस ने शहर का सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने का प्रयास करने और धर्म के आधार पर लोगों की रोजी-रोटी छीनने का संविधान विरोधी कृत्य करने वालों पर तत्काल कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए. कांग्रेस नेताओं ने कहा कि प्रशासन और पुलिस ने कारवाई नहीं की, तो कांग्रेस पार्टी द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा.



## बंगाली क्लब में दो दिवसीय आनंद मेला शुरू

**इंदौर.** गरिमामय समारोह में शुक्रवार शाम को नव लखा स्थित बंगाली स्कूल एंड क्लब परिसर में दो दिवसीय आनंद मेले की शुरुआत हुई. पूजा कमेटी के अध्यक्ष रंजन दे सरकार ने फीता काटकर आनंद मेले का शुभारंभ किया. इस मौके पर बंगाली स्कूल एंड क्लब के सचिव रवि नंदी एंड कोषाध्यक्ष अशोक मुखर्जी, विशेष रूप से उपस्थित थे.

शरदोत्सव के तहत आनंद मेले का इतना भव्य आयोजन करना बड़ी बात है। यहाँ एक ही पंडाल में सभी तरह के बंगाली व्यजनो के आयटम् मिल जाते है। ऐसे आयोजन लगातार जारी रहना चाहिए. समिति के सह सचिव सुब्रत मित्र ने बताया कि इस दो दिवसीय आंनद मेले में भापा इलीज, भेदकी माचेर चाप, फिश कटलेट, गोल्डा चिंगडी, पंपलेट फिश सहित वेज थाली, मटन करी, चिकन करी, चिकन बिरयानी, रसगुल्ला, मिष्टि दोही, संदेश, लान्छा गुलाब जामुन आदि वेज और नानवेज व्यंजन कई स्टाल्स लगाए गए है. बंगाल से विशेष कारीगर आये है जो बंगाली व्यनजनो में स्वाद भर रहे है. पहले दिन बंगाली व्यनजनो का स्वाद महिला, पुरुषों और बच्चों ने चटकारे लेकर लिया. आनन्द मेला शनिवार को शाम 7.30बजे से रात्रि11 बजे तक रहेगा. मेले में बंगाली व्यंजनो के अलावा अन्य चीजों के भी 50 से अधिक स्टाल्स लगाए है.

एक नजर में | माहेश्वरी कुटुंभ परिवार ने सदस्यों ने निकली चुनरी यात्रा....

# उमा-महेश और मां अन्नपूर्णा के जयकारों से गूंजा पश्चिम क्षेत्र

**इंदौर. माहेश्वरी कुटुंब संस्था परिवार की ऐतिहासिक चुनरी यात्रा पश्चिमक्षेत्र में निकाली गई. परिवार, समाज और नई पीढ़ी को संस्कार और संस्कृति से जोड़ने के लिए परंपरागत चुनरी यात्रा में हजारों समाज जनों की सहभहिता रही.**

ऊषा नगर महालक्ष्मी मंदिर से उमा महेश और मां अन्नपूर्णा के जयकारों के साथ चुनरी यात्रा प्रारंभ हुई, यात्रा का जगह जगह स्वागत सत्कार हुआ. यात्रा में विधायक मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड और कई जनप्रतिनियों के साथ वरिष्ठ समाज सेवियों की सहभागिता रही. मां अन्नपूर्णा को 201 मीटर की चुनरी भेंट कर समापन पर हजारों लोगों ने की प्रसादी ग्रहण की.



संस्था माहेश्वरी कुटुंब परिवार के संस्थापक अध्यक्ष शारदा प्रकाश अजमेरा ने बताया कि उषा नगर महालक्ष्मी मंदिर पर सुबह-सुबह माहेश्वरी कुटुंब था परिवार के परिजन हजारों की संख्या में यहां 8 बजे से पहुंचना शुरू हो गए थे. ठीक 9.30 बजे यहां से ऐतिहासिक चुनरी यात्रा का शुभारंभ हुआ. उषा नगर, नरेंद्र तिवारी मार्ग, अन्नपूर्णा मार्ग होते ही 11.15 बजे यात्रा मां अन्नपूर्णा मंदिर पर पहुंची. यात्रा मार्ग में एक दर्जन से ज्यादा मंचो से प्रसादी वितरण किया गया. अनेक स्थानों से पुष्प वर्षा हुई. माहेश्वरी कुटुंब परिवार महिलाएं लाल रंगी चुनरी और पुरुष सफेद कुर्ते पजामे पहने हुए यात्रा में माता रानी का जय घोष कर रहे थे. मां कालिका का रूप धारण किए नृतक सबको अपनी ओर आकर्षित कर रहे थे। इस अवसर पर विधायक श्रीमती मालिनी लक्ष्मण सिंह गोड,शारदा प्रकाश अजमेरा, मनोज छापरवाल, रामस्वरूप धुत, महेश तोतला, श्याम भांगड़िया, मोहन सोमानी, आशीष बाहेती,जीतू राठौर, बबलू शर्मा, शिखा दुबे, हरिनारायण यादव, पप्पू ठाकुर, पं. पवन तिवारी, पुष्प माहेश्वरी, गोपालदास राठी आदि की पूरे आयोजन में विशेष उपस्थिति रही.

### भोजन शाला में झूठन न छोड़ने का संकल्प

माहेश्वरी कुटुंब संस्था के संस्थापक अध्यक्ष प्रकाश अजमेरा ने बताया कि भव्य चुनरी यात्रा के बाद महाप्रसादी ओर फलाहारी का आयोजन दोपहर से शाम तक चला. हजारों श्रद्धालुओं ने भोजन प्रसादी ग्रहण की. भोजन शाला में माहेश्वरी संस्था परिवार के वरिष्ठ जन संकल्प दिला रहे थे कि थाली में झूठा ना छोड़ें.

## गरबा महारास आज से

संस्था माहेश्वरी कुटुंब परिवार 27 व 28 सितंबर को पश्चिम के अक्षत गार्डन भव्य महा गरबा रास का आयोजन करने जा रहा है. इसके लिए लबे से से सैकड़ों समाजजनों ने प्रेक्टिस भी चल रही है। शारदा प्रकाश अजमेरा ने बताया कि इस गरबा महा रास की खास बात यह है कि संस्कार और संस्कृति से जोड़ने का संदेश तो दे रहा है यहां पर सैकड़ों पुरस्कार प्रदान किए जा रहे हैं.

एक नजर में

## लघुकथाओं पर नाट्य प्रस्तुति



इंदौर. विचार प्रवाह साहित्य मंच ने लघुकथाओं पर नाट्य प्रस्तुति और लघुकथा पाठ का आयोजन रखा. मुख्य अतिथि वरिष्ठ लघुकथाकार और सेवानिवृत्त प्राध्यापक डॉ. योगेंद्रनाथ शुक्ल थे. अध्यक्षता वरिष्ठ लेखिका सुषमा दुबे ने की. मंच के अध्यक्ष मुकेश तिवारी ने स्वागत उद्बोधन दिया और लघुकथा विधा को लेकर मंच द्वारा लगातार की जा रही गतिविधियों पर प्रकाश डाला. उपाध्यक्ष देवेंद्रसिंह सिसौदिया और सुषमा व्यास राजनिधि ने भी विचार रखे. शोभारानी तिवारी, आशा मुंशी, अमिता मराठे, सुषमा व्यास पारिजात, स्वाति श्रोत्रि, भुवनेश दशोत्तर, डॉ आरती दुबे द्वारा लघुकथाओं पर नाट्य प्रस्तुति दी गई. माधुरी व्यास ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की. संचालन राधिका मंडलोई ने किया. आभार डॉ. भावना बर्वे ने माना.

## शुभ लक्ष्मी महिला को. बैंक की साधारण सभा




इंदौर. प्रदेश की पहली महिला बैंक शुभलक्ष्मी महिला को बैंक 37 वी साधारण सभा मध्य भारत हिन्दी साहित्य समिति मै सहकारिता विभाग की अधिकारी कल्पना चावला के मुख्य आथित्य में संपन्न हुई. बैंक की अध्यक्ष सुषमा मालू द्वारा बैंक की गतिविधियों की जानकारी दी गई एवं लाभांश की घोषणा की गई. साथ ही सदस्यों को जल्दी ही इंटरनेट बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने के आश्वासन दिया. सभा का संचालन उपाध्यक्ष निर्मला बाहेती द्वारा किया गया. अतिथियों का स्वागत माधुरी काबरा ने किया. सदस्यों का आभार पूर्व अध्यक्ष ऊष्मा मालू ने माना. सभा मे मुख्य रूप से गीता मूंदड़ा, ऊषा तोमर, सुमन जैन, मैना पंड्या, स्वाति सोडाणी, भावना सोमानी, शिल्पा मेहता, सोनम माहेश्वरी, कृष्ण उपाध्याय, अंकिता पंडित आदि उपस्थित थे.

## बार शरद पूर्णिमा पर गरबा महोत्सव का आयोजन

इंदौर. शहर में सांस्कृतिक उत्सवों की नई पहचान बनने जा रही है. सिटी फीड पहली बार शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर भव्य गरबा महोत्सव का आयोजन कर रहा है. यह ऐतिहासिक 6 अक्टूबर को निपानिया स्थित द राजबाग में शाम 7 बजे से शुरू होगा. इंदौर में शरद पूर्णिमा पर गरबा का यह पहला आयोजन है, जो शहरवासियों के लिए एक यादगार अनुभव बनने जा रहा है. पारंपरिक डांडिया की धुनों और आधुनिक संगीत के संगम के साथ यह आयोजन इंदौर की संस्कृति को नई ऊंचाई देगा. सिटी फीड की टीम ने बताया कि इस महोत्सव का उद्देश्य इंदौरवासियों को एक ऐसा मंच देना है जहां वे परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर अपनी परंपरा और संगीत की समृद्धि का आनंद ले सकें. आयोजन स्थल द राजबाग को पारंपरिक गुजराती रंगों और रोशनी से सजाया जाएगा, ताकि प्रतिभागियों को असली नवरात्रि और डांडिया नाइट का अनुभव मिल सके. आयोजकों के अनुसार इंदौर के लिए यह एक ऐतिहासिक पल होगा, क्योंकि शहर पहली बार शरद पूर्णिमा की रात गरबा की ताल पर झूमेगा. हम सभी को आमंत्रित करते हैं कि वे अपने मित्रों और परिवार के साथ इस यादगार रात का हिस्सा बनें.

## सॉलिटेरियो के नए स्टोर का शुभारंभ




इंदौर. लैब-ग्रोवन डायमंड ब्रांड सॉलिटेरियो ने इंदौर के एमजी रोड पर अपने पहले बुटीक स्टोर का शुभारंभ किया. यह विस्तार सॉलिटेरियो की महत्वाकांक्षी रिटेल यात्रा का हिस्सा है. यह स्टोर एक आकर्षक लग्ज़री डेस्टिनेशन के रूप में डिज़ाइन किया गया है. लॉन्च पर सॉलिटेरियो के संस्थापक और सीईओ रिकी वासंदानी ने कहा इंदौर हमेशा अपनी प्रगतिशील सोच के लिए जाना गया है. भारत के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में, यह नवाचार के प्रति जागरूकता और खुलेपन का प्रतीक है. सॉलिटेरियो में हम लैब-ग्रो डायमंड्स को नैतिक, भविष्य की ओर उन्मुख सोच का सटीक आदर्श प्रतिबिंब मानते हैं और यह दर्शाते हैं कि लक्ज़री जिम्मेदारी के साथ भी अस्तित्व में रह सकती है. इस स्टोर के माध्यम से हम एक आधुनिक, टिकाऊ ज्वेलरी अनुभव को उस बाज़ार में लाने को लेकर उत्साहित हैं, जो डिज़ाइन, नवाचार और जागरूक जीवनशैली को वास्तव में महत्व देता है. भारत के सबसे स्वच्छ शहर और परंपरा व प्रगतिशील विकास के संगम के रूप में पहचाना जाने वाला इंदौर, लग्ज़री रिटेल के लिए एक उभरता हुआ बाज़ार है. यह सॉलिटेरियो के फ़ैशन ज्वेलरी के क्षेत्र में प्रवेश की रोमांचक शुरुआत है.

## अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल की धमाकेदार शुरुआत

**इंदौर.** अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल, जो 22 सितंबर को प्राइम मेंबर्स और 23 सितंबर को सभी ग्राहकों के लिए शुरू हुआ, ने अमेजन.इन पर सेलर्स और ब्रांड पार्टनर्स के लिए अब तक की सबसे बड़ी ओपनिंग दर्ज की है. इस फेस्टिवल ने 38 करोड़ से ज्यादा ग्राहक विज़िट्स आकर्षित किए, जिनमें से 70% से अधिक टॉप 9 मेट्रो शहरों से बाहर से थे. ग्राहकों ने जीएसटी लाभ के साथ बचत का आनंद लिया, अमेजन.इन पर 1 लाख से ज्यादा प्रोडक्ट्स सबसे कम कीमत पर पाए और 30,000 से ज्यादा नए प्रोडक्ट्स का लॉन्च भी देखा. अमेजन इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट सौरभ श्रीवास्तव ने कहा अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2025 की शुरुआत रिकॉर्ड तोड़ रही है. शुरुआती 48 घंटे हमारे लिए अब तक के सबसे बड़े रहे, जिसमें 38 करोड़ से ज्यादा ग्राहक विज़िट्स और प्राइम अर्ली एक्सेस के दौरान सबसे ज्यादा प्राइम मेंबर्स की शॉपिंग दर्ज हुई. जीएसटी बचत उत्सव पहल को बेहद सराहना मिली है, जहां सिर्फ 48 घंटों में ही सेलर्स ने हमारे डेडिकेटेड स्टोरफ्रंट के जरिए होम अप्लायंसेस, इलेक्ट्रॉनिक्स, डेली एसेंशियल्स, हेल्थकेयर, फैशन और अन्य प्रोडक्ट्स पर करोड़ों रुपये के जीएसटी लाभ ग्राहकों तक पहुंचाए.

## ओप्पो ने रेनो14 5जी दीवाली एडिशन पेश किया

**इंदौर.** रेनो14 सीरीज़ की जबरदस्त सफलता के बाद ओप्पो ने त्योहारों का उत्साह बढ़ाने के लिए रेनो14 5जी दीवाली एडिशन पेश किया है, जो कि खासतौर पर इंडिया के लिए डिज़ाइन किया गया है. इसमें दो विशेषताएं हैं, जो स्मार्टफोन में पहली बार मिल रही हैं. पहला है एक अनोखा कल्चरल डिज़ाइन जिसमें मांडला, मोर और त्योहारों के मोटिफ खूबसूरती से जुड़े हैं. दूसरी विशेषता है भारत के लिए उद्योग की पहली हीट-सेंसिटिव कलर-चेंजिंग टेक्नोलॉजी.रेनो14 5जी दीवाली एडिशन 8जीबी+256जीबी वैरिएंट में 39,999 रुपये में उपलब्ध है. लॉन्च के बारे में गोल्डी पटनायक, हेड - पीआर एवं कम्युनिकेशंस, ओप्पो इंडिया ने कहा दीवाली प्रकाश, खुशी और मेलजोल का त्योहार है. हमारा रेनो14 5जी दीवाली एडिशन इस त्योहार की भावना को प्रतिबिंबित करता है. यह स्पेशल एडिशन भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से प्रेरित है. इसमें पवित्र मांडला और जीवंत मोर को भारत के पहले हीट-सेंसिटिव कलर-चेंजिंग डिज़ाईन में चित्रित किया गया है.

## रिलेक्सो ने पेश किया फेस्टिव बोनांज़ा ऑफर

**इंदौर.** रिलेक्सो फुटवियर्स लिमिटेड ने अपने बहु-प्रतीक्षित फेस्टिव बोनांज़ा ऑफर की शुरुआत की है, जिसके तहत खरीददार आकर्षक कैशबैक रिवॉर्ड्स के साथ त्योहारों का जश्न मना सकेंगे. यह एक्सक्लूज़िव रीटेल पहल त्योहारों के इस सीज़न हर खरीददारी को खुशियों से भर देगी. इस ऑफर के तहत रिलेक्सो के रीटेल आउटलेट्स पर 1499 रुपए या अधिक की खरीददारी करने वाले उपभोक्ताओं को गारंटीड कैशबैक मिलेगा, जिसके तहत वे 101 रुपए के फायदे से लेकर 1,00,000 रुपए तक के बंपर रिवॉर्ड का लाभ उठा सकेंगे. नितिन दुआ, एक्ज़िक्टिव वाईस प्रेज़ीडेन्ट, रिलेक्सो फुटवियर्स लिमिटेड ने कहा भारत में त्योहार, खुशियां बिखेरने का मौका हैं और फेस्टिव बोनांज़ा के साथ हम इन खुशियों को सीधे उपभोक्ताओं की खरीददारी में शामिल करना चाहते हैं. यह पहल हमारे उपभोक्ताओं को धन्यवाद करने का एक तरीका है, जिन्होंने हमें अपने रोज़मर्रा के जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाया है.